श्री बंशीधर नगर गुरुवार
16.07.2026
आषाढ़ शुक्लपक्ष द्वितीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 320

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:15 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 35 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिये प्रेरणास्रोत >> पेज 03
रानी मुखर्जी को 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि >> पेज 05

## सुविचार

जिस क्षण आप अपनी योग्यता से कम पर समझौता करते हैं, आपको उससे भी कम मिलता है जिसके लिए आप समझौता कर रहे थे।

## न्यूज अपडेट्स

### रातू में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के छह आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, वारदात को छात्रा के साथ गए उसके परिचित युवक के दोस्तों ने अंजाम दिया। मामले में अन्य संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता रांची के तुपुदाना थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह अपने एक परिचित युवक के साथ रातू गई थी। इसी दौरान युवक के दोस्तों ने उसे बंधक बना लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना में सात से आठ लोग शामिल थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना 12 जुलाई की है। पीड़िता ने मंगलवार (14 जुलाई) की देर शाम रातू थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और संदिग्धों की पहचान कर गिरफ्तारी अभियान चलाया। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि मामले में अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**समीक्षा** ► मुख्यमंत्री ने सड़क अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक, दिया निर्देश

# संकीर्ण सड़कों को चौड़ा करें

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों में हो रही देरी और लापरवाही पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और पुल-पुलिया जैसी सभी परियोजनाओं की समयबद्ध तैयारी और निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों के दौरान पथ निर्माण



विभाग की ओर से संचालित योजनाओं, निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें विभिन्न सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और पुल-पुलिया परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति और लंबित कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई।

प्रस्तुति का गहन अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं का अद्यतन और सुव्यवस्थित डेटाबेस तैयार किया जाए तथा प्रत्येक योजना की जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर परियोजना की लागत, प्रगति, समय-सीमा और वर्तमान स्थिति का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए, ताकि कार्यों की प्रभावी निगरानी और समय पर समीक्षा की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जियो-टैगिंग से पारदर्शिता बढ़ेगी, निगरानी प्रणाली मजबूत होगी और जवाबदेही तय करने में आसानी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें तथा सभी निर्माणाधीन और पूर्ण परियोजनाओं का अद्यतन विवरण नियमित रूप से उपलब्ध कराते रहें।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सड़कों की खराब स्थिति, गड्ढों, जलजमाव और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें और उनके निष्पादन का पूरा रिकॉर्ड भी संधारित करें।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से वर्षा ऋतु का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मौसम में सड़कों की खराब स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। इसलिए गड्ढों की तत्काल मरम्मत, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था और सड़कों की गुणवत्ता में सुधार पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए। साथ ही जहां आवश्यकता हो, वहां संकीर्ण सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कर यातायात को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए।

निमार्णाधीन परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कई सड़क, फ्लाईओवर और पुल-पुलिया परियोजनाएं वर्षों से लंबित हैं, जिससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राजधानी रांची सहित राज्य की सभी महत्वपूर्ण लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कुछ प्रमुख परियोजनाओं को आगामी दो माह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सोलर साइकिल ट्रैक सहित अन्य नवीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, मजबूती तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने पुल-पुलियों के किनारों को मजबूत बनाने, समुचित जल निकासी व्यवस्था विकसित करने तथा सभी निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख प्रवीण जयंत भेंगरा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ ने दिए भक्तों को दर्शन, आज जायेंगे मौसी घर

**रांची।** रथयात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार को धुर्वा के जगन्नाथ मंदिर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन माता सुभद्रा ने विशेष श्रृंगार के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं के आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भगवान के दर्शन होते ही पूरा मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु हाथ जोड़कर भगवान के समक्ष नतमस्तक हुए और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर में बज रहे घंटे-घड़ियाल, शंखनाद और धार्मिक भजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। बारिश की फुहारों के बीच श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने लायक रही। कई श्रद्धालु भीगते हुए भी कतार में डटे रहे और भगवान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किए। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और माता सुभद्रा का विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों और मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष




इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। श्रद्धालुओं में अगले दिन गुरुवार को निकलने वाली रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इधर, मंदिर समिति ने रथयात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इस दौरान हजारों श्रद्धालु रथ की रस्सी खींचकर धन्य होंगे। जगन्नाथपुर मंदिर मुख्य पजारी रामेश्वर पाढ़ी ने बताया कि नेत्रदान उत्सव के साथ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों विग्रहों का अनुष्ठान संपन्न हो गया। शाम में 108 दीपों की महाआरती के साथ ही 14 दिनों बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के पट खोल दिए गये। वहीं, 16 जुलाई भगवान जगन्नाथ का रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान करेगा, जो 25 जुलाई को वापस लौटेगी। प्रशासन और मंदिर न्यास समिति ने ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गाइडलाइंस जारी कर दी है। 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि दोपहर 02 बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद दर्शन बंद कर दिए जाएंगे। दोपहर 2.30 से 03 बजे के बीच सुदर्शन चक्र, श्री गरुड़, लक्ष्मी-नरसिंह, बलभद्र स्वामी, माता सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के विग्रह रथ के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद विग्रहों को रथ पर विराजमान कर श्रृंगार किया जाएगा। शाम 04 बजे रथ पर भक्त श्री विष्णु सहस्त्रनाम पूजा करेंगे। शाम 4.30 से शाम 05 बजे तक मंदिर के सहायकों की ओर से भगवान के चरणों में पुष्प अर्पित किए जाएंगे। शाम 5:01 बजे भगवान जगन्नाथ का रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान करेगा। शाम 06 बजे रथ के मौसीबाड़ी पहुंचने की संभावना है। शाम 6.05 बजे से महिलाओं को रथ पर दर्शन का अवसर मिलेगा। रात्रि 07 बजे दर्शन बंद कर विग्रहों को मौसीबाड़ी मंदिर में विराजमान कराया जाएगा। रात 08 बजे 108 की मंगल आरती के बाद शयन अनुष्ठान होगा।

**ब्रिटेन में 40 साल पुराने राममंदिर की जमीन पर विवाद, हाई कोर्ट पहुंचा मामला**

# यूके इस्लामिक मिशन को जमीन देने का निर्णय

**लंदन।** ब्रिटेन के पीटरबरो शहर मस्थित करीब 40 साल पुराने राममंदिर की जमीन को लेकर विवाद अब हाई कोर्ट पहुंच गया है। पीटरबरो सिटी काउंसिल द्वारा मंदिर परिसर को यूके इस्लामिक मिशन (यूकेआईएम) को बेचने के फैसले के खिलाफ हिंदू संगठन, भारत हिंदू समाज (बीएचएस) ने न्यायिक समीक्षा की मांग की है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीटरबरो सिटी काउंसिल की ओर से



पेश अधिवक्ता कैथरीन रोलैंड्स ने दलील दी कि मंदिर परिसर को यूके इस्लामिक मिशन को बेचने का फैसला कानून के दायरे में है और इसे गैरकानूनी नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि किसी समुदाय की धार्मिक पहचान को निर्णय प्रक्रिया में ध्यान में रखा जाता है लेकिन वही अकेले किसी फैसले का आधार नहीं बन सकती। काउंसिल ने अदालत को बताया कि फिलहाल भारत हिंदू समाज को परिसर में किरायेदारी का अधिकार प्राप्त है और पुनर्विकास शुरू होने तक वह वहां रह सकता है। इसके बाद उन्हें परिसर खाली करना होगा। काउंसिल का कहना है कि वह हिंदू समुदाय के महत्व को स्वीकार करती है और चाहती है कि समुदाय पीटरबरो में बना रहे। सुनवाई के दौरान अदालत में बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मौजूद रहे। कई लोग जय श्रीराम लिखी टी-शर्ट पहनकर कोर्ट पहुंचे। काउंसिल की दलीलों पर अदालत की सार्वजनिक गैलरी में मौजूद लोगों ने असहमति भी जताई। मामले में न्यायाधीश ने सवाल उठाया कि यदि यूके इस्लामिक मिशन ने परियोजना के लिए धन जुटाने का लक्ष्य वर्ष 2035 तक रखा था तो इतनी जल्द बिक्री का फैसला क्यों लिया गया। इस पर काउंसिल की ओर से कहा गया कि फंडिंग किसी भी समय उपलब्ध हो सकती है और इसी आधार पर निर्णय लिया गया। इस दौरान कोर्ट की पब्लिक गैलरी में बैठे हिंदुओं में कुछ ने जय श्रीराम लिखी नारंगी टी-शर्ट पहनी हुई थी। पीटरबरो से भी हिंदुओं का एक जत्था आया था और कोर्ट रूम खचाखच भरा हुआ था। पीटरबरो सिटी काउंसिल ने 10 फरवरी को मंदिर परिसर की बिक्री का निर्णय लिया था। भारत हिंदू समाज, जो वर्ष 1986 से इस परिसर के एक हिस्से में किरायेदार के रूप में मंदिर संचालित कर रहा है, पिछले एक दशक से इस संपत्ति को खरीदने के लिए बातचीत कर रहा था। राम मंदिर की ट्रस्टी गौरी चौधरी ने बताया कि मंदिर की जमीन को सुरक्षित रखने के लिए एक हिंदू ट्रस्ट ने 14 लाख पाउंड की बोली लगाई थी। कहा कि हम ब्रिटेन के सबसे पुराने राम मंदिरों में से एक को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। हालांकि, सिटी काउंसिल ने अधिक बोली का हवाला देते हुए जमीन यूके इस्लामिक मिशन को देने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इस फैसले से क्षेत्र के हजारों हिंदुओं की धार्मिक आस्था प्रभावित होगी। पीटरबरो और आसपास के इलाके में रहने वाले 18,000 से अधिक हिंदू इस मंदिर से जुड़े हुए हैं और यह 50 किलोमीटर के दायरे में प्रमुख हिंदू पूजा स्थलों में से एक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कानूनी लड़ाई के दौरान उन्हें सभी क्षेत्रों से जबरदस्त समर्थन मिला है।

# बीडीओ ने की वायरल वीडियो की जांच, केवल एक घांसी परिवार अपनी इच्छा से पी रहा चुआड़ी का पानी



बंशीधर न्यूज

**कांडी :** हरिहरपुर मझिगावां पंचायत के कवलदाग टोले में लोगों के चुआड़ी का पानी पीने का सोशल मीडिया पर वायरल हुये वीडियो की जांच में अलग तस्वीर सामने आई है। मंगलवार को एक ब्लॉगर द्वारा प्रसारित वीडियो के बाद जब जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बुधवार को मौके का निरीक्षण किया तो पता चला कि पूरे टोले के लोग नहीं, बल्कि केवल एक घांसी परिवार अपनी इच्छा से चुआड़ी का पानी उपयोग कर रहा है। जांच में पाया गया कि बड़े पुल के दक्षिण दिशा में नदी किनारे जंगल विभाग की भूमि पर एक घांसी परिवार पिछले करीब दो माह से अवैध रूप से झोपड़ी बनाकर रह रहा है। परिवार के मुखिया मुन्ना घांसी पिता- नंदू घांसी उर्फ नन्हू घांसी ने बताया कि वे मूल रूप से मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाड़ा गांव के निवासी हैं। वे पत्नी सोमवा देवी, पांच पुत्र और दो पुत्रियों के साथ घूम-घूमकर जीवन-यापन करते हैं। उनकी बड़ी पुत्री का विवाह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव में हुआ है। मौके पर यह भी देखा गया कि परिवार के निवास स्थल से चालू स्थिति में जलमीनार लगभग उतनी ही दूरी पर है, जितनी दूरी पर वे चुआड़ी से पानी लेने जाते हैं। वायरल वीडियो की सत्यता जांचने पहुंचे बीडीओ राकेश सहाय एवं मझिगावां पंचायत के मुखिया पति शंभू नाथ साह ने परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने परिवार को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर रहने तथा जलमीनार का स्वच्छ पानी उपयोग करने की सलाह दी। इस पर झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने साफ मना कर दिया कि नहीं हम जलमीनार का पानी नहीं पीएगें। बीडीओ ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले ब्लॉगरों से अपील की कि किसी भी सूचना या वीडियो को सार्वजनिक करने से पहले उसकी पूरी तथ्यात्मक जांच अवश्य कर लें, ताकि भ्रामक जानकारी प्रसारित न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा परिवार जंगल विभाग की भूमि पर अवैध रूप से रहकर जीवन-यापन कर रहा है, इसलिये पूरे गांव या टोले की स्थिति को उससे जोड़कर प्रस्तुत करना सही नहीं है।

## न्यूज अपडेट्स

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नामकुम थाना क्षेत्र से 2.84 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से दो बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। मामले में नामकुम थाना में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि रायसा मोड़ की ओर से दो व्यक्ति बाइक पर अवैध अफीम लेकर बिक्री के उद्देश्य से बयानडीह बाजार आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अमर कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने रांची-टाटा रोड स्थित बयानडीह बाजार के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद दो मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध युवक वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों बाइक छोड़कर भागने लगे। जवानों ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गोलगा मुण्डा और विजय मुण्डा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनकी मोटरसाइकिल में टंगे झोले से अफीम बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने जंगल में अवैध रूप से अफीम की खेती कर उसे एकत्र किया था और बिक्री के लिए लेकर आए थे।

**रथ यात्रा** मेले में सुरक्षा के लिए पांच हजार जवान रहेंगे तैनात

# रथ यात्रा के दौरान शहर के ट्रैफिक में बदलाव



**रांची।** भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर से लेकर शहर के हर चौक- चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लिहाज से 5000 हजार जवानों सहित दंडाधिकारी की तैनाती की गयी है। साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से पूरे मेला और मंदिर परिसर की निगरानी की जायेगी। वॉच टावर और कंट्रोल रुम का भी मेले परिसर में निर्माण किया गया है जो 24 घंटे कार्यरत रहेगा।इसके अलावा सभी थानेदारों को एसएसपी राकेश रंजन ने रथ यात्रा को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने को कहा है। साथ ही रथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर छह अलग-अलग क्यूआरटी बनाई गई है जो लगातार निगरानी रखेगी। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा और घुरती मेला को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और क्यूआरटी की प्रतिनियुक्ति की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से भी मेले परिसर की निगरानी की जायेगी। वहीं भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा और घुरती मेला को लेकर रांची ट्रैफिक पुलिस ने 16 से 25 जुलाई तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए कई मार्गों पर वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है, जबकि कुछ रास्तों पर छोटे वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार बिरसा चौक से मेला जाने वाले वाहन शहीद मैदान में पार्किंग करेंगे। वहीं तुपुदाना, हटिया और धुर्वा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए प्रभात तारा मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। रिंग रोड से मेला या शहर की ओर आने वाले भारी और हल्के वाहन तिरिल मोड़, नॉर्थ गेट, प्रभात तारा मैदान और शालीमार बाजार होते हुए गुजरेंगे और तिरिल मोड़ स्थित हेलिपैड में पार्किंग कर सकेंगे। बिरसा चौक से रिंग रोड (सिठियो) जाने वाले वाहनों को सिंह मोड़, चांदनी चौक, धुर्वा गोलचक्कर और वीर कुंवर सिंह चौक होते हुए भेजा जाएगा। वहीं धुर्वा से रिंग रोड जाने वाले वाहन भी वीर कुंवर सिंह चौक के रास्ते सिठियो रिंग रोड पहुंचेंगे। रिंग रोड से शहर आने वाले वाहनों के लिए भी अलग डायवर्जन रूट निर्धारित किया गया है। मेले के दौरान तिरिल मोड़ से मौसीबाड़ी गोलचक्कर, शहीद मैदान से मौसीबाड़ी गोलचक्कर और प्रभात तारा तीनमुहान से जगन्नाथपुर बाजार तक कार, ऑटो, सवारी वाहन और बाइक के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पुराना विधानसभा क्षेत्र की ओर से आने वाले बड़े वाहनों और मिनीडोर को शहीद मैदान के पास बनाए गए पार्किंग स्थल पर खड़ा करना होगा। ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि भीड़ और यातायात की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर अन्य मार्गों पर भी अस्थायी रूप से रूट डायवर्ट या वाहनों की आवाजाही रोकी जा सकती है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने लोगों से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ सहयोग करने और किसी प्रकार का विवाद नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी प्रशासन के निर्देशों के अनुसार अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। यदि लोग मेला परिसर में वाहन लेकर जाने का प्रयास करेंगे तो जाम की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आम लोगों और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## हाईटेक बिल्डर्स पानस रियल्टर्स व दयानंद मोदी ग्रुप के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को आयकर विभाग ने रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े दो बड़े समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग की जांच टीम ने पानस रियल्टर्स स्थित रातू रोड स्थित कार्यालय और दयानंद मोदी ग्रुप से जुड़े लालपुर स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों में पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों में आने-जाने पर निगरानी रखी गई और बाहरी लोगों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई।

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की टीम वित्तीय लेनदेन, आयकर रिटर्न, निवेश, संपत्ति खरीद-बिक्री और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है। कई स्थानों से कंप्यूटर, लैपटॉप, हार्ड डिस्क और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाला गया। बैंक खातों और अन्य वित्तीय दस्तावेजों का भी मिलान किया जा रहा है। फिलहाल जांच जारी है और विभाग ने आधिकारिक रूप से किसी बरामदगी या कथित कर चोरी की राशि का खुलासा नहीं किया है। इसलिए कार्रवाई के अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आयकर अधिनियम के तहत प्राप्त सूचनाओं और प्रारंभिक जांच के आधार पर की जा रही है। विभाग यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि कारोबार से संबंधित सभी आय और निवेश का सही विवरण कर विभाग को उपलब्ध कराया गया था या नहीं। जांच के दौरान कई दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है और संबंधित लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई से रियल एस्टेट क्षेत्र में पूरे दिन हलचल बनी रही। संबंधित परिसरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और विभागीय अधिकारी खबर लिखे जाने तक जांच में जुटे रहे।

### संजय सेठ ने किया रथ मेले में श्रद्धालुओं के लिए सहायता शिविर का उद्घाटन



**रांची।** दक्षिण छोटानागपुर के ऐतिहासिक रथ मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ की ओर से स्थापित सहायता शिविर का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रथ मेला आस्था, संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यह विशेष सहायता शिविर लगाया गया है। संजय सेठ ने बताया कि शिविर में संजय सेठ सहायता समूह के लगभग 200 कार्यकर्ता पूरे मेला अवधि के दौरान सेवा कार्य में जुटे रहेंगे। कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, आवश्यक सहायता तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। शिविर में प्राथमिक चिकित्सा की भी विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि किसी श्रद्धालु की तबीयत खराब होने या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और मेला में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु तक हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविर को पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा। कार्यक्रम में रांची की महापौर रोशनी खलखो, उप महापौर नीरज कुमार, भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, उमेश तिवारी, पार्षद सुचिता रानी, अवधेश ठाकुर, राजेश पोटक, कन्हैया सिंह, कामेश्वर सिंह, चंदन पटेल, रामजी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद थे।

### आईजी सुदर्शन मंडल से मिलने अस्पताल पहुंचीं डीजीपी, स्वास्थ्य की जानकारी ली

**रांची।** झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा बुधवार को रांची के सैमफोर्ड अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने भर्ती जेल आईजी सुदर्शन मंडल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने इलाज कर रहे डॉक्टरों से उनकी मेडिकल स्थिति पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को सुदर्शन मंडल को अचानक सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई थी। उन्हें तत्काल रांची के सैमफोर्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। डॉक्टरों ने उनकी एंजियोप्लास्टी की है और फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। अस्पताल पहुंचीं डीजीपी तदाशा मिश्रा ने डॉक्टरों से इलाज की प्रगति की जानकारी ली और सुदर्शन मंडल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सुदर्शन मंडल वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में झारखंड में जेल आईजी के पद पर कार्यरत हैं। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मी भी लगातार अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जान रहे हैं।

**बीआईटी मेसरा के 72वें स्थापना दिवस पर एनवीडिया-पावर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा**

# एआई और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग को मिलेगा बढ़ावा




**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा ने बुधवार को अपना 72वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। समारोह में संस्थान के नेतृत्व, पूर्व छात्रों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान की सात दशक से अधिक की शैक्षणिक यात्रा, उपलब्धियों तथा देश में इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और अनुप्रयुक्त विज्ञान शिक्षा में उसके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. एस. करमलकर और टेगा इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मदन मोहनका विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर बीआईटी मेसरा ने अपनी अनुसंधान एवं उन्नत कंप्यूटिंग क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए एनवीडिया-पावर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की घोषणा की। यह केंद्र हाई-परफॉर्मेंस जीपीयू आधारित कंप्यूटिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, रोबोटिक्स, वीएलएसआई, ड्रग डिस्कवरी, प्रेसिजन एग्रीकल्चर, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और उद्योग-जगत के साथ सहयोग को नई गति देगा। संस्थान के अनुसार, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एनवीडिया बी200 जीपीयू से लैस आठ हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। यह सुविधा पब्लिक आईपी आधारित एक्सेस के माध्यम से अधिकृत उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध होगी, जिससे शिक्षकों, शोधकताओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के साझेदारों को अत्याधुनिक कंप्यूटिंग संसाधनों का लाभ मिल सकेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि बीआईटी मेसरा ने अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी समृद्ध परंपरा के बल पर भारत की तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग पर आधारित यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों, शोधकताओं और उद्योग जगत के लिए नए अवसरों का सृजन करेगा तथा भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के अनुरूप मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीआईटी मेसरा के चांसलर सी.के. बिरला ने कहा कि संस्थान की स्थापना ज्ञान, अनुशासन और नवाचार के माध्यम से समाज की सेवा करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले सात दशकों में बीआईटी मेसरा ने इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके अनुसार एनवीडिया-पावर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संस्थान की अनुसंधान क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और विद्यार्थियों व शिक्षकों को भविष्य की अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा। कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा कि नया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उन्नत अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में संस्थान की क्षमता को और मजबूत करेगा। इससे इंजीनियरिंग, विज्ञान और एप्लाइड रिसर्च के विभिन्न क्षेत्रों के बीच समन्वय बढ़ेगा, साथ ही उद्योग, स्टार्टअप और राष्ट्रीय मिशनों के साथ सहयोग को भी नई दिशा मिलेगी।

# संतृप्त ग्राम अभियान के तहत भुईयां टोला में बीमा एवं वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** प्रखंड के टेटूका कला एवं टेटूका खुर्द स्थित भुईयां टोला में संतृप्त ग्राम अभियान के तहत बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के सहयोग से बीमा एवं वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रगति संस्था के सीएफएल समन्वयक गुरुदेव विश्वकर्मा एवं प्रशिक्षिका अंजू कुमारी ने ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन और वित्तीय साक्षरता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बचत की आदत विकसित करने, घरेलू बजट बनाने, बैंक खाते के लाभ, डिजिटल भुगतान, साईबर धोखाधड़ी के तरीके तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना की जानकारी देते हुये सभी खाताधारकों से अपने बैंक खाते की केवाईसी कराने तथा नॉमिनी का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज कराने की अपील की गई। शिविर में झारखंड ग्रामीण बैंक के बैंकिंग प्रतिनिधि राहुल कुमार ने बीमा और नये बैंक खाते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान 20 खाताधारकों का बीमा किया गया, 9 निष्क्रिय बैंक खातों को पुनः सक्रिय किया गया तथा 2 नये बैंक खाते खोले गये। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य सहित सुरेंद्र राम, विजय चंद्रवंशी, आलोक राम, शुभम कुमार, काजल कुमारी, शीला देवी, राधिका देवी, बेबी कुमारी, मंजू देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### अवैध अफीम की खेती व नशे से दूर रहने की अपील

**मेदिनीनगर :** सदर एसडीपीओ राजेश यादव के नेतृत्व में पुलिस ने नावा जयपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव चेतमा में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को अवैध अफीम की खेती नहीं करने, मादक पदार्थों के सेवन से बचने, महिला प्रताड़ना, महिला सशक्तिकरण, डायन-बिसाही, ओझा-गुणी, भूत-प्रेत जैसी अंधविश्वासपूर्ण कुप्रथाओं, मॉब लिंचिंग, सड़क सुरक्षा तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। उस मौके पर एसडीपीओ राजेश यादव ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त दिखाई देता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसका दुष्प्रभाव बच्चों के भविष्य पर भी पड़ता है। इसलिए स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी मादक पदार्थों के सेवन से बचने के लिए प्रेरित करें। डीएसपी राजेश यादव ने ग्रामीणों से पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील करते हुए कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण बनाए रखने में आम लोगों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान में नावा जयपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे। ग्रामीणों ने भी अभियान में भाग लेते हुए सामाजिक बुराइयों के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

**रामकथा** जगतगुरु सत्य प्रपन्ना जी महाराज ने कहा

# श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिये प्रेरणास्रोत

**भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म, सेवा, त्याग और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है : अनंत**

**श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ शुरू**

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री राम कथा आयोजन समिति की ओर से गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर यहां प्लस टू हाईस्कूल के प्रांगण में संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कथा का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव एवं थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि आज भगवान श्रीराम की कृपा से धर्म और संस्कृति के पावन संगम में सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म, सेवा, त्याग और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। साथ ही ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं श्रद्धालु भक्तों को इस सफल आयोजन के लिये हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कथा का वाचन विंध्याचल धाम से पधारे जगतगुरु सत्य प्रपन्ना जी महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है। अपने प्रवचन में उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, सत्य, सेवा और धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिये प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, संस्कार और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम भी है। उस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, डॉ संतोष कुमार, विधायक प्रतिनिधि कमलेश मेहता, जिपस बालारानी, नपं उपाध्यक्ष सन्ध्या देवी, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे, राकेश विश्वकर्मा, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, धीरज कुमार, मनोज कुमार मंटू, अमरनाथ पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डीएलएसए की पहल से तीन बच्चों को मिली नई उम्मीद




**मेराल :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड के बाना गांव निवासी सीमा देवी के तीन बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। सीमा देवी के पति सहदेव पासवान की वर्ष 2021 में बाहर काम करने के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से परिवार आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर रहा है। डीएलएसए के निदेर्शानुसार बच्चों के लालन-पालन एवं शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण इकाई में स्पॉन्सरशिप योजना के तहत आवेदन कराया गया। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और संकटग्रस्त परिवारों के बच्चों को शिक्षा, पोषण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सीमा देवी के तीनों बच्चे देव कुमार पासवान (12 वर्ष), धीरज कुमार पासवान (10 वर्ष) एवं नंदनी कुमारी (8 वर्ष) वर्तमान में अपनी मां के साथ रह रहे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चों की पढ़ाई और पालन-पोषण में कठिनाईयां आ रही थीं। ऐसे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से उन्हें सरकारी सहायता मिलने की उम्मीद जगी है। इस कार्य में डीएलएसए के पीएलवी संगीता सिन्हा एवं पीएलवी तृप्ता भानु की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों ने परिवार से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज तैयार कराए और जिला बाल संरक्षण इकाई में स्पॉन्सरशिप योजना के लिये आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई।

## नाबालिग लड़कियों को लेकर फरार तीन युवक गिरफ्तार, जेल



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़कियों को लेकर फरार तीन युवकों को लड़कियों के साथ गुजरात से बरामद कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में उत्तर प्रदेश के इटावा जिला अंतर्गत इटावा थाना क्षेत्र के खतौनी गांव निवासी गुलाब सिंह उर्फ पप्पू यादव का पुत्र सत्येंद्र यादव उम्र 19 वर्ष, नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पतरिहा कला गांव निवासी रामकुमार राम का पुत्र अंशु कुमार उम्र 19 वर्ष एवं दिनेश राम का पुत्र नितेश कुमार उम्र 21 वर्ष के नाम शामिल हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि लंबित कांडों के निष्पादन को लेकर एसपी के निर्देश पर हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना के पुअनि संदीप कुमार रवि एवं शशिकांत शुक्ला को अन्य पुलिस बल के साथ गुजरात भेजा गया था। जांच के दौरान उक्त तीनों कांड के अपहृता सह पीड़िता को युवकों के साथ गुजरात से सही सलामत बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में टेंपू चालक गिरफ्तार



**नावा बाजार :** एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ चिरंजीव मंडल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने नावाबाजार थाना क्षेत्र में दर्ज छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के मामले के आरोपी टेंपू चालक नेहाल अहमद (30) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार नावाबाजार थाना में गत वर्ष 27 नवंबर 2025 को नाबालिग पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। घटना के समय पीड़िता इटको मोड़ से विश्रामपुर जाने के लिये आरोपी के टेंपू में सवार थी। आरोप है कि रास्ते में नाबालिग को अकेला पाकर चालक ने उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। जान बचाने के लिये पीड़िता चलती टेंपू से कूद गई, जिससे उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने एडवांस्ड तकनीक और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसडीपीओ चिरंजीव मंडल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नेहाल अहमद, पिता स्व सलीमुद्दीन अंसारी छतरपुर थाना क्षेत्र के मसीहानी टोला के मन्देया का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पुलिस ने कोयल नदी से युवक का गड़ा हुआ शव बाहर निकाला

**उंटारी रोड :** पुलिस ने बुधवार की देर शाम लुम्बा सतबहिनी पंचायत भवन के समीप कोयल नदी में दफनाया हुआ एक युवक के शव को खोदकर बाहर निकाला है। शव की पहचान लुम्बा सतबहिनी के टोला शेखडीहा गांव के सुनील साव के 25 वर्षीय पुत्र सचिन साव के रूप में हुई है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक मंगलवार की रात से ही घर से लापता था। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर रात से ही उसके परिजन खोजबीन में जुट गये थे। मृतक के परिजन और गांव के कुछ लड़के खोजते खोजते जब कोयल नदी में पहुंचे तो उन्हें एक जगह पर कुछ आशंका हुई तब वहां खोदकर देखा तो बालू की ढेर के नीचे दबा हुआ उसके कुछ कपड़े दिखे। उसी आधार पर घरवालों ने बुधवार की देर शाम उंटारी पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने जिले से नियुक्त मजिस्ट्रेट उंटारी सीओ बासुदेव राय की उपस्थिति में ग्रामीणों की मदद से बालू को खोदवाया तो गड्ढे से एक युवक का दफनाया हुआ शव निकला, जिसकी पहचान शेखडीहा गांव के सचिन साव के रूप में की गई। थाना प्राभारी संतोष गिरी ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जायेगा।

**13 सूत्री मांगों को लेकर अभाविप का प्रदर्शन, कॉलेज प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

# नियमित संचालित हों सभी कक्षाएं

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा इकाई ने श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक माहौल और पारदर्शी नामांकन प्रक्रिया की मांग को लेकर महाविद्यालय प्रशासन को 13 सूत्री ज्ञापन सौंपा। परिषद ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। ज्ञापन में सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी विषयों की नियमित कक्षाएं संचालित कराने, छात्राओं के लिये सुरक्षित कॉमन रूम, स्वच्छ पेयजल और उपयोगी शौचालय की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके अलावा पुस्तकालय को नियमित रूप से संचालित करने, अद्यतन पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नामांकन से जुड़ी सभी सूचनाएं, मेरिट सूची और तिथियों का समय पर प्रकाशन करने की मांग भी उठाई गई। अभाविप ने नामांकन अवधि में पर्याप्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, दिव्यांग एवं दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष सहायता, अवैध वसूली पर रोक, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा और शिकायत निवारण के लिए सहायता केंद्र व नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की। विभाग संयोजक प्रिन्स सिंह ने कहा कि परिषद विद्यार्थियों के अधिकारों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये लगातार संघर्षरत है। वहीं जिला संयोजक राजा यादव ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर अभाविप चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर आनंद कुमार, अभिषेक यादव, आर्यन राज, सुजीत कुमार गुप्ता सहित अभाविप के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टीबी मुक्त भारत के लिए विश्वविद्यालय में 100 दिवसीय अभियान शुरू




**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं आईटी मैनेजमेंट में बुधवार को टीबी फ्री भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और समाज को टीबी मुक्त बनाने के लिये विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर से मुख्य द्वार तक निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। मौके पर कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को टीबी उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी की शपथ दिलाते हुये कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार से इस बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। कुलसचिव गोकुल आचार्जी ने लोगों से समय पर जांच कराने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने अपने संदेश में कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जन-जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। वहीं फैकल्टी के डीन डॉ पंकज कुमार ने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। रैली के बाद टीबी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। इसके पश्चात आयोजित संवाद प्रतियोगिता में रिया कुमारी, सौम्या सहाय, आर्यन कुमार और गुलिस्ता खातून ने अपने विचार रखे। शिक्षकों की ओर से आकाश कुमार और सुयश श्री राजवंश ने टीबी उन्मूलन के लिये जनभागीदारी पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुये समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## न्यूज अपडेट्स

### युवती ने की आत्महत्या

**पांकी :** पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी सतीफ अंसारी की पत्नी ठकेजा बीवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीपराटांड़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

### सफाई कर्मियों को दी गई नमस्ते स्कीम एवं सुरक्षित स्वच्छता प्रथा की जानकारी



**श्री बंशीधर नगर :** नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर कार्यालय परिसर में सफाई कर्मियों के बीच नमस्ते स्कीम एवं सुरक्षित स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विशेष जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का पआयोजन किया गया। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा आयोजित नमस्ते दिवस 2026 के राष्ट्रीय प्रसारण का सामूहिक अवलोकन कराया गया। सभी स्वच्छता कर्मी पूरे उत्साह और उमंग से कार्यक्रम में भागीदार बने। उ मौके पर नगर पंचायत की अध्यक्ष साधना देवी, नगर प्रबंधक बिरेश कुमार, सफाई शाखा के सभी महिला एवं पुरुष कर्मी उपस्थित थे।

**रथ यात्रा** ▶ विधि विधान से हुई पूजा और महाआरती

# भगवान जगन्नाथ को लगा छप्पन भोग

**बंशीधर न्यूज**



**चैनपुर :** भगवान श्री जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा के पूर्व बुधवार को चैनपुर गढ़ में पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर राज परिवार के सदस्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना, महाआरती एवं भोग अर्पण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। बताया गया कि चैनपुर राजगढ़ की भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा लगभग 180 वर्ष पुरानी परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान का स्नानोत्सव होता है। इसके बाद भगवान अस्वस्थ (अनवसर) अवधि में विश्राम करते हैं। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर महाआरती की जाती है। इसके उपरांत रथयात्रा का शुभारंभ होता है। छप्पन भोग एवं महाआरती में राज परिवार के विश्वदेव नारायण सिंह, बलदेव नारायण सिंह, विवेक भवानी सिंह, कुमार विक्रम भवानी सिंह, सुनील सिंह, अरुण सिंह, विकास सिंह, सूर्यांशु सिंह, चेतन सिंह, हेमंत कुमार सिंह, अभ्यांश कुमार, रविरंजन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थि थे। उस मौके पर शिवनाथ प्रसाद, कृष्णदेव पांडेय, गोपाल राम, सुरेश प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, दिनेश कश्यप, निर्मल प्रसाद कश्यप, आचार्य पुजारी मनोज कुमार मिश्रा, संतोष पाठक, रामजी मिश्रा, बादल मिश्रा, अजय पांडेय समेत अन्य श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लेकर छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया।

### आज निकलेगी ऐतिहासिक रथयात्रा

गुरुवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा सायं 4 बजे चैनपुर गढ़ से भव्य रथ पर सवार होकर पारंपरिक शोभायात्रा के साथ अपनी मौसीबाड़ी कृष्णदाह के लिए प्रस्थान करेंगे। रथयात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में उमड़ी युवाओं की भीड़, 112 को मिले लर्निंग लाइसेंस

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** परिवहन विभाग की सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से बुधवार को रामगढ़ पंचायत कलस्टर में आयोजित विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में युवाओं की भीड़ उमड़ी। शिविर में 146 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 112 पात्र आवेदकों को मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया। शेष आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया भी तेजी से जारी रही। इस अवसर पर अधिकारियों ने लाभुकों को लर्निंग लाइसेंस वितरित करते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि सड़क पर जिम्मेदार नागरिक होने की पहचान है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। शिविर में एमवीआई, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, डीटीओ ऑफिस के प्रधान सहायक, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा परिवहन विभाग के कर्मी उपस्थित थे। लाभुकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तकनीकी संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई थी। शिविर में रामगढ़, नावाडीह, बेड़मा एवं बभंडी पंचायत के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### 9 किमी पैदल चल गांव पहुंचे बीडीओ-सीओ, जनता चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बुधवार को सुदूरवर्ती लेवाटांड़ एवं सुखनदी गांव में जनता चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पदभार ग्रहण करने के बाद से वे लगातार पैदल चलकर दूर–दराज के गांवों में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने करीब नौ किलोमीटर पैदल यात्रा कर दोनों गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। चौपाल के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की जानकारी देते हुये सभी पात्र लोगों से मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व उन्हें वन पट्टा मिला था, लेकिन खेती करने जाने पर वन विभाग के कर्मी उन्हें रोकते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुये सीओ ने मौके पर ही संबंधित फॉरेस्ट गार्ड से दूरभाष पर बात की। फॉरेस्ट गार्ड ने सरकारी नापी के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही। इस पर बीडीओ–सह–सीओ ने संबंधित राजस्व कर्मचारी को शीघ्र भूमि की मापी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को उनके अधिकार मिल सकें। इसके अलावा ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, पेंशन सहित अन्य समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जनता चौपाल में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभिन्न विभागों के कर्मियों की मौजूदगी रही।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रशिक्षुओं का सम्मान, आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश



**गढ़वा :** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान गढ़वा की ओर से सफलता सम्मान एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी थीं। जबकि जन शिक्षण संस्थान की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष संगीता गोयल एवं सदस्य मथुरा राम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के निदेशक प्रशांत कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और युवाओं के जीवन में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कौशल ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। अंबा खोरिया एवं कांडी प्रखंड के कुशवाहा प्रशिक्षण केंद्र की बालिकाओं ने आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरा। समारोह का संचालन प्रशिक्षणार्थी दीपांजलि कुमारी और नुजहत नाज ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि शांति देवी ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान का कौशल प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने सफल प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार पाठक, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी बरखा कुमारी, चंदन कुमार पाल, सोशल मोबिलाईजर रूपेश कुमार, राहुल सिंह, मिथिलेश सिंह, आलोक कुमार सहित सभी प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में गढ़वा, धुरकी, कांडी, नावाडीह, डुमरों और मेराल केंद्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर 30 युवाओं को मिला रोजगार



**नावा बाजार :** विश्व युवा कौशल दिवस पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नावा बाजार में संचालित निष्ठा मेगा स्किल सेंटर में बुधवार को प्रमाण–पत्र वितरण एवं मेगा प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। जबकि प्लेसमेंट ड्राईव में चयनित 30 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। संस्थान के अनिल कुमार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को नावगिरी अपरेल एवं ईस्टमैन एक्सपट्र्स ग्लोबल क्लोथिंग प्राईवेट लिमिटेड की ओर से ऑफर लेटर प्रदान किये गये। सभी चयनित अभ्यर्थी तमिलनाडु स्थित परिधान उद्योगों में ट्रेनी सिलाई मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देकर उद्योगों की जरूरत के अनुरूप दक्ष बनाना और उन्हें रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास आत्मनिर्भर भारत और विकसित झारखंड के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर संस्थान के पदाधिकारी प्रशिक्षक, कर्मचारी, प्रशिक्षु एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

**दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल**

# 10 लाभुकों को मिले पेट्रोल चालित तिपहिया वाहन

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय परिसर में आईडीबीआई बैंक की ओर से सीएसआर के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिले के 10 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चालित तिपहिया वाहनों की चाबियां सौंपकर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की शुभकामनाएं दीं। उस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील और मानव हितैषी सोच के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएसआर फंड का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्यों में किये जाने पर जोर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, गरीबों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंदों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसका उपयोग जल संरक्षण, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन को जनहित से जुड़े कार्यों में सीएसआर राशि का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि आईडीबीआई बैंक के सहयोग से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह सराहनीय पहल है। भविष्य में भी सीएसआर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार करने पर बल दिया। कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक रांची के जीएम ऋषि गुप्ता, एजीएम अनुज सहाय, शाखा प्रमुख संजीव कुमार यादव, टीएसएम पंकज कुमार, डीडीसी मो. सादात अनवर, एसडीओ संजय पांडेय, डीएसडब्लूओ नीता चौहान, एनडीसी नीरज कुमार, लक्ष्मण दूबे, अरुण कुमार सिंह, राजकमल तिवारी, लव मेहता, दयानंद सिंह सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## रानी मुखर्जी को मेलबर्न में मिलेगी 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की मानद उपाधि

अभिनेत्री रानी मुखर्जी को भारतीय सिनेमा और सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 17वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2026 में प्रतिष्ठित मानद 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें ऑस्ट्रेलिया के ला ट्रोब विश्वविद्यालय की ओर से 14 अगस्त, 2026 को मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर में आयोजित विशेष समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा। इस घोषणा के बाद रानी के प्रशंसकों और फिल्म जगत में खुशी की लहर है। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए रानी मुखर्जी ने कहा कि मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि सिनेमा उनके जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक रहा है और इसी माध्यम ने उन्हें दुनिया भर के दर्शकों से जोड़ने का अवसर दिया। रानी ने कहा कि मेलबर्न का भारतीय फिल्म महोत्सव लगातार वैश्विक स्तर पर भारतीय सिनेमा का गौरव बढ़ाता रहा है, ऐसे मंच पर यह सम्मान मिलना उनके लिए और भी खास बन जाता है। उन्होंने अपने अभिनय सफर को याद करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी कहानियों का हिस्सा बनने का अवसर मिला, जिन्होंने साहस, संघर्ष और उम्मीद का संदेश लोगों तक पहुंचाया। रानी ने यह सम्मान भारत और दुनिया भर के उन दर्शकों को समर्पित किया, जिनके प्रेम और समर्थन ने उन्हें एक सफल अभिनेत्री बनने की प्रेरणा दी। गौरतलब है कि आईएफएफएम 2026 का आयोजन 13 से 23 अगस्त तक विक्टोरिया सरकार के सहयोग से मेलबर्न में होगा। इस महोत्सव में विभिन्न देशों के फिल्मकार, कलाकार और सिनेमा प्रेमी हिस्सा लेकर भारतीय सिनेमा का उत्सव मनाएंगे।

## विजय की फिल्म 'जना नायगन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में



साउथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जना नायगन' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। फिल्म 23 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। इसे विजय के अभिनय करियर की अंतिम फिल्म माना जा रहा है, जिसके चलते प्रशंसकों के बीच इसे लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल 'जना नायगन' को विजय के शानदार फिल्मी सफर का ऐतिहासिक पड़ाव बताया जा रहा है। करोड़ों प्रशंसक उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर मुख्य भूमिका में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एच. विनोथ के निर्देशन और केवीएन प्रोडक्शंस के निर्माण में बन रही इस फिल्म को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। निमार्ताओं का दावा है कि फिल्म दर्शकों को भव्य और यादगार सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगी। रिलीज तारीख की घोषणा के साथ जारी बयान में निमार्ता वेंकट के. नारायण ने कहा कि 'जना नायगन' भारतीय सिनेमा के उन दुर्लभ पलों में से एक होगी, जो इतिहास में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विजय का सिनेमा से शुरू हुआ सफर लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बना और अंततः उन्हें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाया।

## डरबन में हजारों श्रद्धालुओं ने 27 बार किया हनुमान चालीसा पाठ, मोदी ने दी शुभकामनाएं



# बरडीहा में 200 छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

### आवासीय विद्यालय में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** मझिआंव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के निर्देश पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बरडीहा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल टीम ने 200 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के बाद आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। वहीं नेत्र सहायक द्वारा छात्राओं की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान अधिकांश छात्राएं सर्दी-खांसी, बुखार, सिरदर्द, कानदर्द, खुजली, चर्म रोग, पेटदर्द, उल्टी और दस्त जैसी सामान्य बीमारियों से पीड़ित मिलीं। उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने विद्यालय परिसर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने पर भी जोर दिया। डॉ चौधरी ने बताया कि जिन बच्चों को सांस फूलना, सांस लेने में कठिनाई, बार-बार निमोनिया या छाती में संक्रमण, वजन नहीं बढ़ना, अत्यधिक कमजोरी, होंठ या नाखून का नीला पड़ना, दूध पीते समय थकान या हृदय की असामान्य धड़कन जैसी समस्या हो अथवा जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) की आशंका हो, उनके लिए 17, 18 और 19 जुलाई को निःशुल्क जांच एवं ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अभिभावकों से ऐसे बच्चों को जांच के लिये लाने की अपील करते हुये अधिक जानकारी के लिये उनसे संपर्क करने को कहा। शिविर में डॉ दीपनारायण यादव, नेत्र सहायक सरोज कुमारी, एमटीएस दिलीप गुप्ता, लैब टेक्नीशियन मो कैफ अंसारी तथा फार्मासिस्ट संजर अंसारी ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मौके पर वार्डन सह शिक्षिका कंचन कुमारी, शिक्षिका सरिता कुमारी, बबीता कुमारी, अंशु विश्वकर्मा सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं।

## सीएचसी में लापरवाही पर गिरी गाज, तीन डॉक्टरों के वेतन पर रोक



**गढ़वा :** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ केनेडी ने बुधवार को मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की कार्यप्रणाली में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुये तीन चिकित्सकों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने और उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। निरीक्षण में पाया गया कि डॉ मुन्ना कुमार और डॉ मृदुल लगभग एक माह से नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। निरीक्षण के समय भी दोनों चिकित्सक अनुपस्थित मिले। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ बीरेंद्र कुमार भी निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद नहीं थे। हालांकि, निरीक्षण की सूचना मिलने के बाद वे अस्पताल पहुंचे। इस पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताते हुये तीनों चिकित्सकों के वेतन पर रोक लगाने का आदेश दिया और बिना अनुमति लंबे समय तक अनुपस्थित रहने पर जवाब तलब किया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि अस्पताल में किसी भी एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा नियमित ओपीडी सेवा संचालित नहीं की जा रही थी, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सिविल सर्जन ने नियमित ओपीडी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुये कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा में यह भी पाया गया कि हाल ही में पदस्थापित क्लर्क को अब तक विधिवत प्रभार नहीं दिया गया है। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभार हस्तांतरित कर कार्यालय व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सीएस ने स्पष्ट कहा कि सरकारी अस्पतालों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सभी कमियों को शीघ्र दूर कर स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नियमित एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन की इस कार्रवाई के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

## गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने एसडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात



**गढ़वा :** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा एवं सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नवपदस्थापित एसडीओ कुमार मयंक भूषण से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिये शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान जिले में क्रिकेट सहित अन्य खेलों के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जब कुमार मयंक भूषण गढ़वा के सीओ थे, तब उन्होंने स्टेडियम की जमीन से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण पहल और सकारात्मक प्रयास की थी। इसी कारण खेल प्रेमियों को उनसे आगे भी काफी उम्मीदें हैं। एसडीओ कुमार मयंक भूषण ने भी जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और खेलों के विकास के लिये हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## शादी का दावा कर अपने पति के घर पहुंची महिला, हंगामा



**सगमा :** धुरकी थाना क्षेत्र के मकरी गांव में बुधवार को उस समय हंगामा मच गया, जब एक युवती अपने नानी और परिजनों के साथ कथित पति के घर पहुंच गई। युवती ने आरोप लगाया कि हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने के बावजूद उसे पत्नी का अधिकार नहीं दिया जा रहा है। वहीं युवक ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुये खारिज कर दिया। पीड़िता सबिता कुमारी (22 वर्ष) गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी स्व पावन कुशवाहा की पुत्री है। उसने बताया कि अप्रैल 2025 में धुरकी थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी अर्जुन कुशवाहा के साथ श्री बंशीधर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह हुआ था। विवाह में दोनों पक्षों के परिजन भी शामिल हुये थे।सबिता का आरोप है कि शादी के बाद उसे ससुराल में केवल दो दिन रखा गया। इसके बाद अर्जुन उसे अपने साथ छत्तीसगढ़ ले गया, जहां एक सप्ताह रखने के बाद मायके छोड़ने के बहाने पलामू जिले के रेहला में छोड़कर फरार हो गया। किसी तरह वह अपने नानी के घर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसकी सास उससे मिलने आती-जाती रही और कहती थी कि अर्जुन की दूसरी शादी से जुड़ा मामला चल रहा है। केस खत्म होने के बाद उसे घर ले जाया जायेगा। इसी दौरान उसे पता चला कि अर्जुन की पहले भी दो शादियां हो चुकी हैं। यह जानकर वह पूरी तरह टूट गई। इसी बीच एक वर्ष बाद सड़क दुर्घटना में उसके पिता की भी मौत हो गई। सबिता ने आरोप लगाया कि पिता की मौत के बाद उसकी सास और देवर अमित कुमार ने सगमा बुलाकर उसकी नानी से कहा कि अपनी नातिन की कहीं और शादी कर दीजिए, क्योंकि अर्जुन अब उसे नहीं रखेगा। इसके बाद उसने कई बार पति से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार सबिता अपने रिश्तेदारों के साथ मकरी गांव पहुंची, जहां उसने अर्जुन को कथित दूसरी पत्नी के साथ घर में देखा। इसके बाद उसने ग्रामीणों के सामने न्याय की गुहार लगाई। सबिता ने धुरकी थाना पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुये न्याय की मांग की है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ प्रतिभा सम्मान, मेहनत और अनुशासन से आगे बढ़ने का दिया संदेश

# मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित

बंशीधर न्यूज



**रंका :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को सर्वेश्वरी शाखा इकाई रंका के तत्वावधान में राजकुमारी विशाखा सिंह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओ मोहम्मद परवेज, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, रंका गढ़ के राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह एवं रानी इंदरा सिंह ने स्वर्गीय राजकुमारी विशाखा सिंह के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप जलाकर किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर एसडीओ ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने परिवार का योद्धा होता है और मेहनत व अनुशासन के बल पर समाज व राष्ट्र का नाम रोशन कर सकता है। एसडीपीओ ने कहा कि अच्छे अंक सफलता की शुरूआत हैं, मंजिल नहीं। निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच ही जीवन में बड़ी उपलब्धि दिलाती है। वहीं राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह ने ईमानदारी, अनुशासन और संस्कार को सफलता का आधार बताया। समारोह की प्रणेता एवं युवरानी मुक्ता सिंह ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आत्मविश्वास जगाना है। उन्होंने घोषणा की कि रांची स्थित गोल संस्थान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मात्र 10 हजार रुपये में नीट एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जायेगी। आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को संस्था की ओर से यथासंभव सहयोग भी दिया जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, प्राचार्य जगत गौतम, डॉ कृष्ण कुमार यादव, डॉ कृष्ण कुमार, मोरध्वज प्रसाद सिंह, सत्येंद्र कुमार रवि, राकेश कुमार रवि, रविरंजन कुमार रवि, अंकित कुमार यादव, दीपक कुमार, आशीष कुमार सिंह, रोहिणी रमन सिंह, राजेश कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय प्रसाद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन युवराज गुलाब प्रताप सिंह ने किया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)